<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- बीस अक्टूबर को वाराणसी आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बारह सौ करोड़ से अधिक की लागत की परियोजनाओं का देंगे तोहफा।
- आरबीआई ने बैंकों, गैर बैंकिंग कंपनियों और सभी भुगतान प्रदाताओं को डिजिटल भुगतान में दिव्यांगजनों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के जारी किये निर्देश।
- शारदीय नवरात्र के नौवें दिन प्रदेश के शक्तिपीठों और मंदिरों पर रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़, मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में किया कन्या पूजन, कहा–नवरात्र का पर्व आधी आबादी के सम्मान का भी प्रतीक
- आज धूमधाम से मनाया जा रहा है विजयादशमी का पर्व

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी बीस अक्टूबर को एक दिन के दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे। वह बारह सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे । इसमें लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तारीकरण की योजना भी शामिल है। प्रधानमंत्री सिगरा स्थित संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर वाराणसी में तैयारियां तेज हो गई हैं। वहां के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने इस बारे में जानकारी दी।

***प्रधानमंत्री जी का आगमन 20 अक्टूबर को वाराणसी में होने जा रहा हैं और यहां पर दो कार्यक्रम मुख्य रूप से रहेंगे, एक तो उनके अनुरोध पर जो शंकर नेत्रालय का ट्रस्ट है उनके द्वारा एक चौरिटेबल आई हास्पिटल बनाया गया है। वो आंखों के हास्पिटल का शुभारम्भ होगा साथ ही वाराणसी के डेवलपमेंट के कार्य है, जिनका लोकार्पण और शिलान्यास उनके द्वारा किया जायेगा। करीब 17 प्राजेक्ट है, जिनकी लागत 12 सौ करोड़ है उनके लोकार्पण ओर शिलान्यास का कार्यक्रम हैं।***

**********

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों, गैर–बैंकिंग कंपनियों सहित सभी भुगतान सेवा प्रदाताओं को डिजिटल भुगतान सेवा में दिव्यांगजनों की सुविधा का ध्यान रखने का निर्देश दिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बैंक ने भुगतान सेवा प्रदाता डिजिटल भुगतान प्रणाली में दिव्यांग अनुकूल आवश्यक बदलाव करने को कहा है।

***आरबीआई ने कहां कि इस समीक्षा के आधार पर इन प्रणालियों तथा पॉइंट–ऑफ–सेल मशीन जैसे उपकरणों में आवश्यक बदलाव कर सकते हैं जिससे दिव्यांग लोग इसका आसानी से इस्तमाल कर पाएंगे।  आरबीआई ने आगे बताया कि भुगतान प्रणाली प्रदाताओं को यह बात भी सुनिश्चित करनी है कि वे, भारत सरकार के अर्थ मंत्रालय ने 2 फरवरी 2024 को जारी किए हुए एक्सेसिबिलिटी स्टॅंडर्ड अँड गाइडलाइन्स फॉर द बॅंकिंग सेक्टर का भी पालन करे। आरबीआई ने इस बात पर जोर दिया है की यह करते वक्त इन प्रणालियों की सुरक्षा के साथ कोई भी समझौता ना हो। अंकिता आपटे, आकाशवाणी समाचार, मुंबई।***

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस में प्रदेश सरकार ने जन सहभागिता के माध्यम से चार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई है। सभी गतिविधियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से कुल चार करोड़ सतासी लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इसमें गतिविधियों के प्रबंधन पर सवा दो करोड़ रुपए खर्च होंगे,जबकि अन्य विकास कार्यों पर भी एक करोड़ बासठ लाख रुपए खर्च किये जाएंगे।

**********

प्रदेश में इस वर्ष  में भी सरकार द्वारा बिजली की दरों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। राज्य में लगातार पाँचवें वर्ष सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए देय बिजली की टैरिफ दरें अपरिवर्तित रहेंगी। इससे प्रदेश के 3.48 करोड़ बिजली उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

**********

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में अब मंदिर ट्रस्ट का प्रसाद श्रद्धालुओं के लिए आज से उपलब्ध रहेगा। वाराणसी के मंडलायुक्त और काशी विश्वनाथ मंदिर के सभापति कौशल राज शर्मा ने बताया कि लंबे समय से ट्रस्ट के द्वारा  तैयारी की जा रही थी कि

श्रद्धालुओं के बीच में खुद मंदिर ट्रस्ट का प्रसाद वितरित होना चाहिए । मंदिर प्रशासन आज विजयादशमी के दिन इस प्रसादकी शुरुआत कर रहा है।

***प्रत्येक लड्डू प्रसाद के सम तुल्य होगा कि वो स्वयं ही भगवान पर चढ़ा हुआ है। इस प्रकार की वयवस्था अधिकतर भारत के मंदिरों में रही है। ये प्रसाद पूरा का पूरा ट्रस्ट के निर्देष में तैयार हुआ है। अमूल से टाइयप होने के बाद प्रोड्क्षन मार्केटिंग की व्यवस्था कर ली गई है। एमओयू इनके साथ कर लिया गया है ओर विजय दशमी के उपलक्ष्य में इसका प्रारम्भ पहला भगवान को भोग लगाने के बाद कर दिया जायेगा।***

**********

शारदीय नवरात्र के नौवें दिन कल पूरे देश में भक्तों ने माता के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। बलरामपुर में पाटेश्वरी देवी, मिर्जापुर के विंध्याचल धाम, फर्रुखाबाद के गुड़गांव देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर, गोरखपुर के गोलघर स्थित मां काली मंदिर ,बुढ़िया माता मंदिर, तरकुलहा माता मंदिर , जंगल कौड़िया माता मंदिर ,श्रावस्ती जिले की काली माता मंदिर और लखनऊ के बख्शी का तालाब स्थित चंद्रिका देवीमंदिर में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।

गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में कल प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे और उनका विधि विधान से पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व आधी आबादी के सम्मान का भी प्रतीक पर्व है।

***मुझे प्रसन्नता है कि जो सनातन धर्म की समृद्ध परम्परा है, यह पूरे हर्षोल्लास के साथ पूरे देश में इस परम्परा के साथ लोग जुड़ रहे है। सत्य और अराधना की प्रतीक आधी आबादी के प्रति सम्मान का भाव बन रही है। भारतीय समाज प्राचीन काल से ही इस बात को मानता रहा है, जहां नारी की पूजा होती है, उसका सम्मान होता है, वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान होता है।***

नवरात्र के आखिरी दिन भक्तों ने देर रात तक दुर्गा पांडालों में मां दुर्गा के दर्शन किये । प्रदेश के सभी दुर्गा पांडालों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

**********

विजयादशमी का पर्व आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए लोक कल्याण की कामना की है। आज सभी जिलों में बुराई के प्रतीक रावण के पुतले जलाए जाएंगे। रामनगरी अयोध्या में आज देर शाम दस स्थानों पर रामलीला मंचन के दौरान आज रावण वध किया जाएगा। गोरखपुर के गुरु गोरक्षनाथ मंदिर से आज ही विजयादशमी की पारम्परिक शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसकी अगुआई गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। वह गुरु गोरखनाथ के विशिष्ट पूजन के बाद इस यात्रा में शामिल होंगे। इस मौके पर संतों की अदालत भी लगेगी जहां गोरक्षपीठाधीश्वर दंडाधिकारी की भूमिका निभाएंगे।

इस बीच, प्रदेश के कई जिलों में आज से ही दुर्गा प्रतिमा विसर्जन भी शुरू हो जाएगा। इसे देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं और कई स्थानों पर मार्ग परिवर्तन भी किया गया है।

**********

प्रदेश के अलग अलग जिलों में बीते चौबीस घंटों के भीतर हुए विभिन्न हादसों में एक दर्जन लोगों की मौत हो गई। मऊ जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र में कल सुबह तेज रफ्तार बोलेरो के सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गये। बुलंदशहर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शिकारपुर मोड़ पर खड़े एक टैंकर में तेज रफ्तार बाईक घुस गई, जिसमें बाईक सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। मुजफ्फरनगर जिले के खतौली के गंगनहर में तीन लोगों और अमबेडकर नगर जिले में तीन युवकों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हरदोई जिले के बेहटा गोकुल इलाके में धान की फसल काटते समय मशीन के चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

**********

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी मुकाबले में कल बंगाल की टीम ने सात विकेट पर दो सौ उनहत्तर रन बना लिए। उत्तर प्रदेश की ओर से विपराज निगम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए उन्सठ रन देकर चार विकेट लिए, जबकि सौरभ कुमार और यश दयाल ने एक–एक विकेट लिया। उए

उधर, बयालिसवीं अखिल भारतीय के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में पुरुष आमंत्रण प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में उत्तर प्रदेश एकादश का मुकाबला आज कैग दिल्ली की टीम से होगा। दोनों टीमों ने कल अपने–अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीत लिए।

**********